पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# डिजिटल शिक्षा को घर–घर पहुंचा रही योगी सरकार, पीएम ई–विद्या पर एक मंच में मिलेंगे पढ़ाई के जरूरी संसाधन

## एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निःशुल्क उपलब्ध होंगे संसाधन, एंड्रॉयड और आईओएस दोनों पर उपलब्ध है ऐप

**लखनऊ : 10 सितंबर, 2026**

योगी सरकार शिक्षा व्यवस्था में तकनीक के प्रभावी इस्तेमाल को लगातार विस्तार दे रही है। सरकार का जोर है कि डिजिटल संसाधन विद्यार्थियों की पहुंच से दूर रहने वाली सुविधा न होकर सीखने का सहज, सुलभ और प्रभावी माध्यम बनें। इसी दिशा में पीएम ई–विद्या डिजिटल प्लेटफॉर्म विद्यार्थियों और शिक्षकों को पढ़ाई से जुड़े आवश्यक संसाधन एक ही मंच पर निःशुल्क उपलब्ध करा रहा है।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा  कि योगी सरकार प्रदेश के बच्चों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए डिजिटल संसाधनों के विस्तार पर विशेष जोर दे रही है। पीएम ई–विद्या जैसे प्लेटफॉर्म सीखने की प्रक्रिया को अधिक सहज और प्रभावी बनाते हैं।

महानिदेशक मोनिका रानी ने कहा कि डिजिटल संसाधनों की आसान और निःशुल्क उपलब्धता सीखने और सिखाने के नए अवसर खोलती है। एससीईआरटी स्तर पर हमारा प्रयास है कि इन संसाधनों का विद्यालयी शिक्षण में अधिकतम उपयोग सुनिश्चित हो।

एससीईआरटी के संयुक्त निदेशक डॉ. पवन सचान के मुताबिक, पीएम ई–विद्या के माध्यम से डिजिटल लर्निंग को व्यापक स्तर पर विद्यार्थियों तक पहुंचाने और उपलब्ध शैक्षिक संसाधनों के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। एक ही मंच पर सामग्री उपलब्ध होने से डिजिटल शिक्षा को अधिक समावेशी, सुलभ और प्रभावशाली बनाने में मदद मिलेगी। सोशल मीडिया के माध्यम से भी पीएम ई–विद्या ऐप के बारे में जानकारी साझा की जा रही है।

### एक मंच पर जरूरी संसाधन, निःशुल्क उपलब्ध

पीएम ई–विद्या में पढ़ाई से जुड़े आवश्यक डिजिटल संसाधनों तक एक ही स्थान से पहुंच की सुविधा है, जिससे अलग–अलग माध्यमों पर निर्भरता कम होगी। इसकी महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि सभी संसाधन निःशुल्क उपलब्ध हैं। विद्यार्थी अपनी सुविधा से अध्ययन कर सकते हैं और शिक्षक भी इसे कक्षा शिक्षण के सहयोगी माध्यम के रूप में उपयोग कर सकते हैं।

पीएम ई–विद्या ऐप एंड्रॉयड और आईओएस, दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। एंड्रॉयड उपयोगकर्ता गूगल प्ले स्टोर तथा आईओएस उपयोगकर्ता एप्पल ऐप स्टोर से इसे डाउनलोड कर सकते हैं।

---

**सम्पर्क सूत्र– धर्मवीर खरे**

**वैशाली माथुर/11:58 AM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in